04 अनुपस्थित अधिकारियों का कटेगा एक दिन का वेतन



07 सोहागपुर जपं में जल गंगा संवर्धन अभियान...



## खबर संक्षेप

### 83 चिन्हित ग्रामों में हुआ शिविरों का आयोजन

**नर्मदापुरम।** सरकार की धरती आबा जनजातीय जनभागीदारी अभियान के तहत जिले में 15 जून से 30 जून तक ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' के अंतर्गत विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सौजान सिंह रावत के मार्गदर्शन में जिले के चयनित 83 ग्रामों में इन शिविरों का संचालन सफलतापूर्वक किया गया।

### बाढ़ की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आज

**नर्मदापुरम।** बुधवार 2 जुलाई को जिले में संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारियों एवं बचाव कार्यों के संबंध में कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में प्रातः 11:00 बजे कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे बैठक में विभागीय स्तर पर तैयार की गई बाढ़/अतिवृष्टि से बचाव की विस्तृत कार्य योजना तथा अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने 91 आवेदकों की समस्याओं का किया निराकरण

# विस्थापित ग्राम राइट डेम टोला भाग 2 की पेयजल समस्या का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन कलेक्ट्रेट में कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई में कुल 91 आवेदकों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने पूर्व में प्राप्त लंबित आवेदनों तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार जनसुनवाई के दौरान समस्त एसडीएम एवं तहसील स्तरीय अधिकारी भी वीसी के माध्यम से ऑनलाइन जुड़े। जिससे अनुविभाग एवं तहसील स्तर की समस्याओं के संबंध में अधिकारियों को त्वरित रूप से निर्देश जारी किये गये।

आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई जिसमें कुल 91 आवेदकों की समस्याओं का समाधान किया गया। वहीं अनुभाग स्तर पर भी जनसुनवाई जारी है।



#### जनसुनवाई में यह रहा खास

जनसुनवाई के दौरान शंकर अहिरवार द्वारा आवेदन दिया गया कि उनकी पुत्री का सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइस) स्कूल में प्रवेश नहीं हो पा रहा है। उक्त संबंध में कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम को निर्देशित किया गया की प्रवेश होने में आ रही समस्या का समाधान शीघ्र ही किया जाए। फूलवती बाई निवासी बनखेड़ी द्वारा वृद्धावस्था पेंशन की राशि उपलब्ध करवाने के संबंध में कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग को कलेक्टर ने समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान गत सप्ताह संपन्न हुई जनसुनवाई के दौरान प्राप्त विस्थापित ग्राम इट डेम टोला भाग-2 के ग्रामवासियों की पाँच वर्षों से लंबित पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान भी कलेक्टर के निर्देश पर किया गया। पूर्व में कलेक्टर के समक्ष प्राप्त जलापूर्ति की समस्या को लेकर ग्राम वासियों ने कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर कलेक्टर के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सोहागपुर द्वारा हैंडपंप स्थापित कर पेयजल उपलब्ध कराया गया।

#### अनुभाग स्तर पर भी जारी है जनसुनवाई

जनसुनवाई में कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदनकर्ता से व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और यथोचित निराकरण सुनिश्चित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सौजान सिंह रावत, सिटी मजिस्ट्रेट शबृजेंद्र रावत, डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर, एसडीएम नीता कोरी सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुविभाग स्तर पर भी हर सप्ताह जनसुनवाई आयोजित की जाती है, जिसमें नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण किया जाता है।

# अवैधानिक 60 किलो मछली जब्त कर की गई नीलामी

### मत्स्याखेट पर प्रशासन की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में बंद ऋतु के दौरान मछलियों के प्रजनन काल में अवैधानिक मत्स्याखेट, विक्रय एवं परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध के निर्देशों के पालन को लेकर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। तत्संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार मछली पालन विभाग के गठित दल ने गत दिवस इटारसी मछली बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाजार में अवैधानिक रूप से रखी गई लगभग 60 किलो मछली को जप्त कर नीलामी की कार्रवाई की गई। नीलामी से प्राप्त राशि 2500 रुपए की राशि शासन के मद में चालान के माध्यम से जमा कराई गई। इस दौरान आस-पास के सभी मत्स्य विक्रेताओं को जारी अधिसूचना के संबंध में अवगत कराया गया कि बंद ऋतु (16 जून से 15 अगस्त) के दौरान मछलियों के प्रजनन काल में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय एवं परिवहन दंडनीय अपराध है। अधिसूचना के उल्लंघन की दशा में मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1981 की धारा 5 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कोहरे के आगोश में घिरी पचमढ़ी, खुशनुमा हुआ मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

तस्वीर में धुपगढ़ के सूर्योदय पॉइंट को देख रहे हैं। सूर्य उदय स्थल पूरी तरह कोहरे के बीच में छुपा हुआ नजर आ रहा है। जिले में अब तक जिले में 1511.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 01 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 345.6 मिमी, सिवनीमालवा में 149.0 मिमी, इटारसी में 114.0 मिमी, माखननगर में 113.0 मिमी, सोहागपुर में 116.0 मिमी, पिपरिया में 124.2 मिमी, बनखेड़ी में 174.4 मिमी, पचमढ़ी में 234.6 एवं तहसील डोलरिया में 141.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है।



# समेरिटंस स्कूल इटारसी आज से नवीन भवन में स्थानांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इटारसी में संचालित समेरिटंस इंग्लिश मीडियम स्कूल बुधवार 2 जुलाई से बेगानिया रोड स्थित ग्राम बोरतलाई में नवनिर्मित अपने नवीन में संचालित होगा। इस सम्बन्ध में समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि अभी तक विद्यालय सूरजगंज स्थित किराए के भवन में संचालित था। इस वर्ष स्कूल का अपना सर्वसुविधायुक्त नवीन भवन बनकर तैयार हो गया है। बुधवार 2 जुलाई को इस भवन में वस्तु पूजा के बाद स्कूल यहीं संचालित होगा। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बच्चों के लिए शहर से आने जाने के लिए बस सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।



# नपा का स्वच्छता अभियान लगातार जारी, मंगलवार को भी हुई सफाई

### नपाध्यक्ष बोलीं, स्वच्छता बनाने में नागरिक करें सहयोग, सड़क किनारे कचरा फेंकने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान बारिश के मौसम को देखते हुए तेजगति से चलाया जा रहा है। वहीं नगर के अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जहां कचरा ज्यादा एकत्रित होता है वहां विशेष रूप से पोकलेन और जेसीबी की मदद से कचरा साफ कराया जा रहा है। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर समूचे नगर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को आईटीआई क्षेत्र के नाले नालियों में एकत्रित हुए कचरे को साफ कराया गया। वहीं एनएमवी कालेज के पास नाला भी पालिथिन, पन्नी से चौक हो गया था उसे भी जेसीबी की मदद से साफ कराया गया है। वहीं सड़क किनारे या फिर यहां वहां कचरा फैंकने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।





#### हटाया अतिक्रमण

सड़क से हटाया अतिक्रमण नगर की यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए नगर की सड़क किनारे व्यवसाय करने वालों को लगातार हटाया कर उन्हें निर्धारित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष और मुख्य नगपालिका अधिकारी के निर्देश पर लगातार सड़कों का निरीक्षण किया जा रहा है। जहां भी फल सब्जी या अन्य ठेले वाले सड़क किनारे खड़ा कर व्यवसाय कर रहे हैं उनको निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। उन्हें समझाइश भी दी जा रही है। दोबारा सड़क किनारे मिले तो अब जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

# नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास से डॉक्टर्स डे मनाया गया, हुआ अयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में डॉक्टरों की अहम भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय अस्पताल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील जैन रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को डॉक्टर बनने के लिए आवश्यक समर्पण, सेवा भावना और कठिन परिश्रम के महत्व को सरल शब्दों में समझाया। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के डॉक्टरों जैसे — दंत चिकित्सक, नेत्र विशेषज्ञ, सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ आदि की भूमिका निभाते हुए एक रचनात्मक 'रोल प्ले' प्रस्तुत किया। बच्चों की मासूम प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य इमरान खान ने बच्चों को डॉक्टरों के कार्यों और समाज में उनकी भूमिका के बारे में प्रेरणादायक बातें बताईं। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे भविष्य में अच्छे डॉक्टर बनकर देश और मानवता की सेवा करें। इस कार्यक्रम की सफलता में शिक्षिकाओं मावरा खान, दुर्गा ठाकुर, पुष्पा गोस्वामी, नेहा श्रीवास्तव, निधि लाल, उमा मिश्रा, जगमीत कौर, दीपा सेंगर, कनक शर्मा एवं श्रुतिका मालवीय का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन श्वेता शुक्ला द्वारा डॉक्टरों के प्रति आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। सम्पूर्ण विद्यालय परिसर डॉक्टरों के सम्मान में तालियों की गूंज से भर उठा।



# लोनिवि ने किया पौधरोपण लिया संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पर्यावरण संरक्षण के लिए लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले में लोक निर्माण विभाग तथा एमपीआरडीसी की टीमों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। जिले में सर्किट हाउस रेस्ट हाउस, पी.आई.यू. द्वारा निर्मित भवनों एवं विभिन्न मार्गों पर पौधारोपण कार्य संपादित किया गया। पौधा रोपण अभियान के तहत लोक निर्माण विभाग (भवन/पथ) द्वारा 1375 पौधे, लोक निर्माण विभाग (भवन) द्वारा 150 पौधे, सेतु उपसंभाग नर्मदापुरम द्वारा 120 पौधे, तथा एम.पी.आर.डी.सी. नर्मदापुरम द्वारा 110 पौधों का वृक्षारोपण किया गया।



# नई शिक्षा नीति बहुविषयक के साथ संतुलित ज्ञान की परिकल्पना: प्राचार्य चौकसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में आज दीक्षारंभ संस्कार का प्रथम दिन रहा। उच्च शिक्षा विभाग की पहल पर तीन दिवसीय कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा संस्थान का परिचय , विभागों, पाठ्यक्रमों आदि की जानकारी नई शिक्षा नीति 2020 के मुख्य उद्देश्य, छात्रवृत्ति योजनाएं, एनसीसी नेवल और आर्मी विंग की जानकारी,एन एस एस का महत्व , पुस्तकालय की व्यवस्था ,खेल गतिविधियों से अवगत कराया गया ।कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों का प्राचार्य डॉ आर के चौकसे द्वारा तिलक लगाकर सम्मान किया गया ।तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति गौरवपूर्ण है। गुरुकुल हमारे शिक्षा के केंद्र रहे हैं। नई शिक्षा नीति के को संदर्भित करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि शिक्षा के साथ अनुशासन बनाना, महाविद्यालय और राष्ट्रीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा करना अपने दायित्वों का नैतिक ,सामाजिक और प्राकृतिक रूप से निर्वहन करना होगा ।प्राचार्य ने विस्तृत रूप से नई शिक्षा नीति को विश्लेषित करते और तलस्पर्शी उदाहरणों द्वारा बहुविषयक संतुलित ज्ञान की परिकल्पना बताया। कार्यक्रम में डॉ केजी मिश्र, डॉ राजेश दीवान, डॉ बीएस आर्य, डॉ सविता गुप्ता, डॉ केशव मिश्रा, डॉ दिनेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।



### इस्कान मंदिर द्वारा नगर में निकाली गई भव्य रथयात्रा

# हरे कृष्णा, हरे रामा के बीज मंत्र के साथ भक्तिमय बना नर्मदापुरम, यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत, नागरिकों ने प्रेम और भक्ति से खींचा रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी इस्कान मंदिर समिति द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा मैया और सुदर्शनभव्य रथ पर होकर प्रजा को दर्शन देने हेतु निकले। इस दौरान जगन्नाथ रथ यात्रा अधिवास समारोह का आयोजन हुआ जिसमे शाम को मधुर भजन कीर्तन हुए । विशाल रथ यात्रा में श्री जगन्नाथ की जिसमे मधुर हरिनाम संकीर्तन, किया गया साथ नृत्य, महाप्रसाद वितरण और रथ की रस्सी खीचना मुख्य बिंदु रहे। रथ यात्रा मंगलवार को दोपहर 3 बजे आईटीआई के राम मंदिर से यात्रा निकली और शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए इस्कान मंदिर तक निकाली गई। इस दौरान नगर में जगन्नाथ जी को जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर सैकड़ों श्रद्धालु रस्सी से खीचकर रथ पर नगर भ्रमण कराया । इस दौरान भक्तों का उत्साह इतना रहा कि भजन, कीर्तन, नृत्य, पुष्पवर्षा, प्रचार प्रसार लगातार करते रहे। मंदिर प्रबंधक प्रणव दास ने बताया कि इस्कॉन इस बार इटारसी में और बुधनी में भी रथ यात्रा निकाल रहे हैं।

रथ यात्रा के दौरान पुलिस प्रशसान की व्यवस्था बनी रही जो मार्गों पर यातायात व्यवस्था बनाती रही।



इस्कान मंदिर के रथ पर सवार हुए भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलदाऊ और बहन सुभद्रा। इस दौरान भक्तों ने दर्शन लाभ लिया।



रथ यात्रा का नपाध्यक्ष नीतू यादव ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंन भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए।



रथयात्रा के दौरान कृष्ण भक्तों ने हरे कृष्णा हरे रामा के सुमधुर भजन करते रहे। वहीं नागरिकों ने भगवान का रथ खींचा।

### कमिश्नर कार्यालय में हुआ वंदे मातरम गायन



**नर्मदापुरम।** शासन के निर्देश अनुसार प्रत्येक माह के प्रथम दिवस पर सभी शासकीय कार्यालयों में वंदे मातरम का गायन किया जाता है। इसी कड़ी में जुलाई माह के प्रथम दिवस 1 जुलाई को कमिश्नर कार्यालय के सभा कक्ष में वंदे मातरम का गायन हुआ। वंदे मातरम के गायन के दौरान उपायुक्त राजस्व श्री गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास श्री जीसी दोहर एवं कमिश्नर परिसर स्थित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण तथा कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारी गणों ने उपस्थित होकर सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया।

# माता लक्ष्मी पहुंची गुंडीचा मंदिर ढोल धमाकों से हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के पांचवे दिन मंगलवार को हेरा पंचमी परम्परागत रूप से मनाई गई। इस दौरान मंगलवार शाम माता लक्ष्मी गुंडीचा मंदिर स्वयंवरम गार्डन पहुंची। चक्कर रोड चौराहा से माता को भव्य शोभायात्रा के साथ गुंडीचा मंदिर के जाया गया। इस दौरान भक्त जमकर थिरके। माता के आगमन की जानकारी मिलते ही भगवान मदन गोपाल उनके स्वागत के लिए द्वार तक गए। वहां माता लक्ष्मी का स्वागत के साथ ही पूजा अर्चना की गई। उसके बाद माता वहां से चली गई। उन्हें समेरिटंस विद्यालय के सरस्वती मंदिर ले जाया गया। उसके बाद वे वापस डोंगरवाड़ा चली गईं।दोपहर में गुंडीचा मंदिर में विशाल भंडारे एक आयोजन किया गया, जिसमें अनेक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप

### मां ताप्ती जन्मोत्सव पर आज रहेगा अवकाश

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आज 2 जुलाई को मां ताप्ती जन्मोत्सव के अवसर पर जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया हुआ है। मां ताप्ती जन्मोत्सव जिले का सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसमें प्रतिवर्ष मुलताई में करीब एक लाख श्रद्धालु मां ताप्ती की पूजा-अर्चना और स्नान के लिए एकत्रित होते हैं। इस पावन अवसर पर पूरे जिले में आस्था और उल्लास का वातावरण छा जाता है। जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने इस दिन सार्वजनिक अवकाश के आदेश किए हैं।

### जनकल्याण के लिए पदयात्रा पहुंची बैतूल

**बैतूल।** छिंदवाड़ा-पांढुर्णा सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा जनकल्याण की भावना से छिंदवाड़ा से दादाजी धूनीवाले धाम खंडवा के लिए निकाली गई पदयात्रा मंगलवार को बैतूल जिले में पहुंची है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 2 जुलाई को कान्हा भोजनालय ससुन्द्रा से यह पदयात्रा प्रारंभ होकर बैतूल पहुंचेगी। जहां बैतूल में ही रात्रि विश्राम रहेगा। 3 जुलाई को पदयात्रा बैतूल से प्रारंभ होकर प्राथमिक शाला चिखली पहुंचेगी, यहां पदयात्रा का रात्रि विश्राम रहेगा। 4 जुलाई को पदयात्रा प्राथमिक शाला चिखली से प्रारंभ होकर ग्राम चिल्लौर के शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगी। तत्पश्चात 5 जुलाई को चिल्लौर से पदयात्रा खंडवा के लिए रवाना होगी। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा-पांढुर्णा के सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा 26 जून को जनकल्याण की कामना को लेकर छिंदवाड़ा से दादाजी धूनीवाले धाम खंडवा तक की 411 किलोमीटर पदयात्रा निकाली गई है।

### मुलताई यार्ड में ट्रैक कार्य के चलते पांच दिनों तक रात में सड़क यातायात रहेगा बंद

**बैतूल।** मुलताई यार्ड में तीसरी मेन लाइन, सेंटिंग नेक, डाउन लूप लाइन एक्सटेंशन तथा क्रॉस ओवर का निर्माण एवं ट्रैक लेयिंग का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते एलसी लेवल क्रॉसिंग गेट क्रमांक 265 किमी 898/0-2 पर सडक़ यातायात प्रभावित रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्य 4 जुलाई से 8 जुलाई तक चलेगा। पांच दिन प्रतिदिन रात 9 से सुबह 6 बजे तक यातायात बंद रहेगा।

### सेवानिवृत्ति पर हर्ष के साथ विदाई

**शाहपुर।** शाहपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक शाला कामठी के शिक्षक आनंद सिंह उईके के सेवानिवृत्ति पर बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम शिक्षक पर शाला में प्रवेश करते ही फूलों की बारिश की गई। उसके बाद सरस्वती पूजा और उसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, बिदाई गीत गाए। इसमें बीईओ जीआर बर्डे शाहपुर, कुंडी ग्राप्र सरपंच वीरेंद्र उईके, सुनील जोठे, शुभांशु गोहे, बीएसी शाहपुर, प्रभारी प्राचार्य हाई स्कूल कुंडी कौशल्या पाटनकर, कुंडी शिक्षक, शिक्षिकाओं, ग्रामीण जनों सभी ने सम्मान किया और सभी ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। आनंद सिंह द्वारा अपने सेवानिवृत्ति के अवसर पर प्राथमिक शाला कामठी के समस्त छात्रों को नए स्कूल बैग वितरित किए।

---

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# अनुपस्थित अधिकारियों का कटेगा एक दिन का वेतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिले की सभी जनपद पंचायतों में भी प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। सभी खंड स्तरीय अधिकारियों को जनसुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के सख्त निर्देश दिए। जनसुनवाई में उपस्थिति संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है और इसमें लापरवाही को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले जिला अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसे अधिकारियों के एक दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए।

#### भूमि का कब्जा दिलाने तहसीलदार को दिए निर्देश

जनसुनवाई में शाहपुर तहसील के ग्राम चिखली रैयत निवासी साहब लाल ने भूमि का कब्जा दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि चिखली रैयत में उनकी भूमि पर रामाधार ने अवैध कब्जा कर लिया है। अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार के पास से सीमांकन का केस पक्ष में आने के बाद भी मुझे मेरी भूमि का कब्जा नहीं मिल पाया है। आवेदक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शाहपुर तहसीलदार को तत्काल भूमि का कब्जा दिलाए जाने के निर्देश दिए।

#### कंडम छात्रावास भवन को खाली करने के दिए निर्देश

*जनसुनवाई में ग्राम पंचायत जीन निवासी सुनीता ने कंडम छात्रावास भवन खाली कराए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने ट्राइबल विभाग को छात्रावास भवन खाली करवाकर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल मुख्यालय के अर्जुन वार्ड निवासी हेमराज नागले ने आवेदन के माध्यम से राशन कार्ड बनाए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। गौठाना निवासी मंगलीबाई धुर्वे ने पुत्र के मृत्यु उपरांत शासन से मिलने वाली सहायता राशि आज दिनांक तक नहीं मिलने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण का जल्द से जल्द निराकरण किया जाने के निर्देश दिए। ग्राम गंगापुर निवासी राजेंद्र नागले ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनपद पंचायत सीईओ मुलताई को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम पाढर निवासी अबरार कुरैशी ने आवेदन के माध्यम से बताया कि तहसीलदार को भूमि में नाम सुधारने के लिए पूर्व में आवेदन दिया था, जिस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।*

---

# सामुदायिक मध्यस्थता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ संपन्न

### जिला न्यायालय परिसर में कई विवादों का मिला हल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान के पहले दिन मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर बैतूल में देश का पहला सामुदायिक मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटूम्ब न्यायालय शिवबालक साहू, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती संगीता भारती राठौर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल-श्रीमती शर्मिला बिलवार, नयन जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी सोमनाथ राय एवं जिले के कोरकू, माली, मेहरा, जैन, कूनबी, सरले, कुर्मी, कलार, तेली, क्षत्रिय, भोजपुरी, बंग समाज, मराठा, मांझी, कुम्हार, मुस्लिम, ईसाई, सिख, यदुवंशी, रघुवंशी, सोनी आदि विभिन्न समाजों के जिला अध्यक्ष /प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा बताया गया कि समाज के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों का समाज में प्रतिष्ठित स्थान होता है और ऐसे प्रतिनिधि समाज के पारिवारिक व आपसी विवादों को उनके जन्म के समय ही सामाजिक स्तर पर मध्यस्थता द्वारा समाप्त करा सकते है, क्योंकि एक बार विवाद थाना या कोर्ट में आने के बाद विवाद के पक्षकार लंबे समय तक जूझते रहते है, जिससे उनका बहुमूल्य समय व धन बर्बाद होता है। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा समाज के प्रतिनिधियों को 20 घंटे का मध्यस्थता प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है तथा इस हेतु सामाजिक संगठन द्वारा जिला या तहसील स्तर पर स्थापित सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र में ऐसे प्रशिक्षित मध्यस्थ को मध्यस्थता करने के लिये अधिकृत किया जाता है।

#### परिवार समाज की महत्वपूर्ण इकाई

प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय शिवबालक साहू द्वारा बताया गया कि परिवार समाज की महत्वपूर्ण इकाई है जब परिवार में कोई विवाद होता है, तो उसका असर पूरे समाज पर पड़ता है इसलिये पारिवारिक विवादों को प्रारंभिक स्तर पर ही सुलझाने का प्रयास होना चाहिए। सामाजिक प्रतिनिधि यदि यह कार्य ईश्वरीय कार्य समझकर करे तो निश्चित रूप से उनसे गलती की संभावना नहीं रहेगी और पक्षकारों के साथ-साथ समाज के लोगों का भी उन पर विश्वास बढ़ेगा और कई मामले प्रारंभिक स्तर पर समाप्त किये जा सकेगें।

---

# नगरकोट के पास हाईवे पर फिर मृत मिला अत्यंत दुर्लभ वन्य स्तनपाई पैंगोलिन

### वन विभाग ने अंतिम संस्कार कर वरिष्ठों को भेजी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



मुलताई क्षेत्र में एक बार फिर बैतूल रोड पर नगरकोट के पास हाईवे पर अत्यंत दुर्लभ स्तनपाई वन्य प्राणी इंडियन पैंगोलिन मृत अवस्था में मिला। मुलताई वन परिक्षेत्र अधिकारी नितिन पवार ने बताया कि सूचना मिलने पर वन विभाग अमला जैसे ही घटना स्थल पर पहुंचा तब तक पैंगोलिन की मौत हो चुकी थी। मृत पैंगोलिन को वन विभाग द्वारा लाकर पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम करा कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पैंगोलिन पर चोट के निशान पाए गए हैं। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हाईवे पर किसी वाहन के चपेट में आने से जख्मी हुआ था, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि मुलताई क्षेत्र में दुर्लभ वन प्राणी पैंगोलिन के मिलने की यह तीसरी घटना है इसके पूर्व ग्राम डहुआ के सडक़ किनारे भी पैंगोलिन मिला था। पैंगोलिन वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची क्रमांक 1 में सूचीबद्ध है जिसे उच्च सुरक्षा प्रदान की गई है। अपनी दुर्लभ बनावट और स्किल्स से बने कवच के कारण यह बहुत खास हो जाता है और यही कारण है कि दुनिया में इसकी सबसे ज्यादा तस्करी की जाती है। पैंगोलिन के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं किंतु मुलताई क्षेत्र में पैंगोलिन मिलने की पुष्टि के बावजूद इसके संरक्षण के प्रयास होते दिखाई नहीं दिए।

#### इनका कहना है

मिले हुए पैंगोलिन का पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पैंगोलिन मिलने की रिपोर्टिंग वरिष्ठ अधिकारियों को की जा रही है।

**- नितिन पवार,** वन परिक्षेत्र अधिकारी मुलताई

---

### केंद्रीय मंत्री, विधायकों ने की खाद की उपलब्धता और वितरण की समीक्षा

# आगामी दो दिन में जिले को मिलेगा लगभग 5000 मीट्रिक टन यूरिया, उर्वरकों की आपूर्ति सतत जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, विधायक हेमंत खंडेलवाल और विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ जिले में खाद की उपलब्धता और वितरण की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पवार तथा कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, सीईओ जिला पंचायत अक्षत जैन, उप संचालक कृषि आनंद बडोनिया, उपायुक्त सहकारिता, सीईओ जिला सहकारी बैंक सहित सभी एसडीओ कृषि तथा एसीटीओ उपस्थित रहें। बैठक में उप संचालक कृषि आनंद बडोनिया ने जानकारी देते बताया कि जिले में उर्वरकों की आपूर्ति सतत जारी हैं। आगामी दो दिनों में जिले को 2640 - 2640 मीट्रिक टन की 2 रैक प्राप्त होगी, जिससे 5 हजार से अधिक उर्वरक जिले को प्राप्त होगा। मांग अनुसार जिले को उर्वरक सतत प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले बार जहां 39 हजार 253 मीट्रिक टन का वितरण हुआ था। वहीं इस बार अभी तक 46 हजार 307 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। जिले में आज की स्थिति में 5 हजार 804 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि जिले में किसानों को खाद बीज मिलने में समस्या न जाए। निजी दुकानों द्वारा जमाखोरी न की जाए और किसानों को पूरी पारदर्शिता और सुगमता से खाद प्राप्त हो। बैठक में विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने उर्वरक वितरण को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि जिले की समस्त निजी विक्रेता दुकानों और समितियों पर उपलब्ध खाद की मात्रा के बोर्ड लगाए जाएं। जिसमें उर्वरक के भंडारण और उठाव की समस्त जानकारी हो, जिससे किसानों को खाद मिलने में समस्या न हो। साथ ही दुकानों में उपलब्ध उर्वरकों की मात्रा की जानकारी भी किसानों को व्हाट्सएप ग्रुप सहित अन्य माध्यमों से दी जाएं। उन्होंने कहा कि जिले को प्राप्त होने वाले उर्वरक का उन दुकानों में वितरण किया जाए जहां उर्वरक की कमी है।

---

### न्यायालय में पेश कर भेजा जेल

# चोरी के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, 80 हजार के जेवरात बरामद



**बैतूल।** चिचोली पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गए 80 हजार मूल्य के जेवरात बरामद किए गए हैं।

फरियादी मिश्रीलाल पिता मुंशाराम भलावी निवासी झिरनाढाना चिरापाटला, थाना चिचोली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने भतीजे अमरलाल और दोनों बच्चों के साथ खेत में गेहूँ थ्रेसर कराने गया था। उसकी पत्नी दुर्गावती अपने मायके ग्राम गोधना गई हुई थी। जब वह रात्रि 3.00 बजे वापस लौटा, तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ था और आलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। उस समय उसे कुछ संदेह नहीं हुआ, जिस पर उसने वापस सामान जमा कर रख दिया। लेकिन जब उसकी पत्नी मायके से लौटी, तब उसने बताया कि आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं कुछ दस्तावेज गायब हैं। जब दोनों ने मिलकर आलमारी की जांच की, तो पता चला कि सोने का मंगलसूत्र, सोने की लोंग, चांदी की पायल-पैऱपट्टी, चांदी का कमर पट्टा एवं स्व-सहायता समूह से संबंधित दस्तावेज व आधार कार्ड गायब हैं। फरियादी द्वारा संदेह जताया गया कि उक्त चोरी में ग्राम झिरनाढाना चिरापाटला के ही दो व्यक्तियों कन्हैया उर्फ लिंगू एवं दिनेश उर्फ दिनू का हाथ हो सकता है। रिपोर्ट पर थाना चिचोली में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। साक्ष्यों के आधार पर टीम द्वारा आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें कन्हैया उर्फ लिंगू पिता रामकरण बरकडे निवासी झिरनाढाना चिरापाटला और दिनेश उर्फ दिनू पिता नत्थू उइके निवासी झिरनाढाना चिरापाटला ने चोरी करना स्वीकार किया।

---

### राजीव नंदन श्रीवास्तव बोले-

# स्काउटिंग से संस्कार, अनुशासन व सेवा की भावना होती है जागृत



**बैतूल।** तैयार रहो... इस नारे के साथ जब सैकड़ों गाइड्स ने कदमताल की तो पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बैतूल का परिसर राष्ट्रसेवा के भाव से गूंज उठा। अनुशासन, समर्पण और संस्कार का अद्भुत संगम बने इस शिविर में 40 विद्यालयों से आईं 250 गाइड्स ने स्काउटिंग की विधाओं को सीखा और जीवन मूल्यों को भी आत्मसात किया। तीन दिवसीय तृतीय सोपान परीक्षण शिविर का यह आयोजन राज्य स्तरीय पहचान बन गया है, जिससे सफल होने वाली गाइड्स को राज्य व राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए नामांकन का मौका मिलेगा। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बैतूल में 1 जुलाई से 3 जुलाई तक आयोजित तृतीय सोपान गाइड्स परीक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के नामित अध्यक्ष राजीव नंदन श्रीवास्तव तथा विशेष अतिथि श्रीमती अमिता पांडेय के करकमलों से संपन्न हुआ। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्काउट्स के जनक बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का उद्घाटन किया। कलर पार्टी द्वारा भव्य स्वागत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। विद्यालय के प्राचार्य आर एन पांडेय ने अतिथियों का हरित स्वागत करते हुए कहा कि स्काउटिंग जीवन को दिशा देने वाला अनुशासन का पाठ है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को कैम्प की सफलता हेतु शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

---

# पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा, आरोपी युवक गिरफ्तार



**बैतूल।** पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा जप्त कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 30 जून 2025 को चिखलार के कोटवार मनोज ने सूचना दी गई कि ग्राम चिखलार में अकेली रहने वाली महिला बबली भुसुमकर का शव संदिग्ध परिस्थिति में उसके घर में पड़ा हुआ है। सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और मृतिका का मर्ग पंचनामा कर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। घटनास्थल को सुरक्षित कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। प्रभारी सीन ऑफ क्राइम निरीक्षक आबिद अंसारी द्वारा एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक भौतिक साक्ष्य संकलित किए गए एवं घटनास्थल की विधिवत फोटोग्राफी कराई गई। मृतिका के शव का जिला चिकित्सालय बैतूल में डॉक्टरों की टीम से पीएम कराया गया, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर थाना कोतवाली बैतूल में धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मृतिका बबली भुसुमकर के पति की मृत्यु लगभग 4-5 वर्ष पूर्व हो चुकी थी। उसके दोनों बच्चे बाहर रहते हैं और वह घर में अकेली रहती थी। इसी दौरान मृतिका के अपने ही गांव के निवासी गोलू उर्फ देवेश अतुलकर के साथ अवैध संबंध बन गए थे। 29 जून की शाम को किसी विवाद के चलते आरोपी ने लकड़ी के डंडे से मृतिका के सिर व पैर पर वार कर उसकी हत्या कर दी।


---

### बच्चों की पढ़ाई रुकी, लोग पानी को तरसे, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

# अंधेरे में डूबे रहवासियों ने कलेक्टर से की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शाहपुर तहसील के ग्राम घिसीबागला के तारा काजली जोड़ मोहल्ले के ग्रामीण इन दिनों बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। न बिजली की सुविधा है, न पेयजल का इंतजाम। ऐसे में ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी अंधेरे और प्यास के साए में गुजर रही है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर बुजुर्गों की दिनचर्या तक हर चीज प्रभावित हो रही है। इसी गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की। ग्रामीणों की ओर से यह ज्ञापन युवा आदिवासी नेता जितेंद्र सिंह इवने और ग्राम पंचायत सदस्य अभिषेक कुमरे के नेतृत्व में सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि तारा काजली जोड़ में रहने वाले करीब 40 घरों के लोग रात के समय घुप्प अंधेरे में रहने को मजबूर हैं क्योंकि वहां अब तक चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति के लिए कोई लाइन ही नहीं डाली गई है। बिजली न होने की वजह से बरसात के दिनों में परिवारों को कीड़ों-मकोड़ों और सर्प जैसे जीवों का खतरा बना रहता है।



#### एक किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है पीने का पानी

*ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बिजली के अभाव में चिचोली बिजली कंपनी के कर्मचारी लगातार दबाव बनाकर बिल वसूल रहे हैं, जबकि गांव में कोई भी नियमित बिजली सप्लाई नहीं हो रही है। बिजली के साथ-साथ पेयजल की समस्या भी उतनी ही गंभीर है। तारा काजली जोड़ मोहल्ले के ग्रामीणों ने ज्ञापन में यह भी बताया कि उन्हें पीने का पानी करीब एक किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है क्योंकि ना तो मोहल्ले में कोई हैंडपंप है और ना ही नल-जल योजना की सुविधा है। वर्तमान में यहां लगभग चालीस मकान हैं और सभी परिवार पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं।*

#### हैंडपंप लगाने की मांग

*ग्रामीणों ने मांग की है कि मोहल्ले में एक हैंडपंप लगाया जाए ताकि उन्हें पेयजल संकट से राहत मिल सके। कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि जल्द ही विद्युत और पेयजल समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो ग्रामीणों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान अभिषेक कुमरे, सुनील यादव, महेंद्र मालवीय, कल्लूसिंह कुमरे, शुभम, मुकेश, रमेश, दिनेश, राकेश, दीपू, शेरू, पप्पू, विनोद, छोटू, महेश, सोहन, शेकू, खजू, मन्नू, अमरलाल, रूपेश, गोरे, जोरी, रामचंद्र, नरेश, हेमराज सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन से त्वरित कार्यवाही की मांग की है।*

---

# डेंगू बीमारी से बचने स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

बैतूल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि प्रतिवर्ष जुलाई माह को डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जाता है। डेंगू, रोग एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, यह मच्छर साफ पानी में पनपता है, अतः सप्ताह में एक बार कूलर, टंकी एवं अन्य स्थानों पर भरे हुए पानी को अवश्य खाली करना चाहिए। टायर, गमले, नारियल के खोल आदि में पानी जमा नहीं होने देना चाहिये, अंडरग्राउंड वाटर स्टोरेज टेंक को ढककर रखें। जहां पानी खाली करना संभव न हो वहां मीठा तेल डाल दें जिससे पानी के ऊपर तेल की परत बन जाती है, और एडीज मच्छर के लार्वा नष्ट हो जाते हैं। प्रयास करना चाहिये कि फुल बांह के कपड़े पहनें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, खिडकी दरवाजों पर मच्छररोधी जाली लगवाएं, मच्छरों को भगाने वाली क्वाईल, क्रीम एवं रिपेलेन्ट लिक्विड का उपयोग करें एवं मच्छरों को मारने के लिए इलेक्ट्रिक रैकेट का इस्तेमाल करें, पानी को एक सप्ताह से अधिक भरकर न रखें एवं समय-समय पर पानी खाली करते रहें। कूलर की खस भी प्रतिवर्ष बदलें एवं पुराने खस को जलाकर नष्ट करें। उन्होंने बताया कि तेज बुखार आना, सरदर्द, मांसपेशियों एवं जोडों में दर्द होना, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द होना एवं शरीर पर लाल चकत्ते पडना डेंगू बुखार के लक्षण है।

बैतुल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

## बेटी ने शहर का नाम किया रोशन



**पिपरिया।** ब्राह्मण समाज की बेटी निधि त्रिपाठीनेएशियन मुथाई चैम्पियन शिप 2025मे दूसरा स्थान प्राप्तकिया देश को सिल्वर पदक दिलवाया ब्राह्मण समाज लिए यह गौरव की बात है। निधि की माता पूनमत्रिपाठी झाबुआमे समाज की पदाधिकारी है। जिला अध्यक्ष उपासना तिवारी ने बताया किबिटियो बधाई देनेवालों का तांता लगा हुआ है। बधाई देनेवालों में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित अर्जुन लालपलिया एवं समाज के सभी लोगों के द्वारा बधाईदी तथा प्रमिला शर्मा सुषमादुबे शहीततमाम लोगोंने बधाई दी।

## लायंस क्लब की हुई कार्यकारिणी घाषित

**माखननगर।** लायंस क्लब के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पूर्व अध्यक्ष की सर्वसम्मति से अध्यक्ष -लायन राजेन्द्र सिंह राजपूत को सचिव मोहित सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष आनंद सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष राजेश मीना के नाम की घोषणा की गई। क्लब को इसी वर्ष एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई कि क्लब के सबसे वरिष्ठ एवं अनुभवी सदस्य पूर्व रीजन चेयर पर्सन लायन अजीत सेठी के एम. जे एफ की घोषणा की गई।

### अभियान में पूर्ण हुए एक करोड़ दो लाख 62 हजार रुपए के कार्य

# सोहागपुर जपं में जल गंगा संवर्धन अभियान में स्वीकृत हुए 254 कार्य

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सरकार के द्वारा 'गांव का पानी गांव में' कार्यक्रम संचालित किया गया। जिसमें सोहागपुर जपं में उल्लेखनीय व प्रशंसनीय कार्य हुए हैं। जानकारी अनुसार कुल एक करोड़ दो लाख 62 हजार रुपए के कार्य अभियान अंतर्गत किए गए हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सरकार के द्वारा 'गांव का पानी गांव में' कार्यक्रम संचालित किया गया। जिसमें सोहागपुर जपं में उल्लेखनीय व प्रशंसनीय कार्य हुए हैं। जानकारी अनुसार कुल एक करोड़ दो लाख 62 हजार रुपए के कार्य अभियान अंतर्गत किए गए हैं। सोहागपुर जपं कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कल 254 कार्य स्वीकृत किए गए थे। और इनमें से 82 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। बताया जाता है कि शेष 172 कार्य भी प्रारंभ हो चुके हैं, तथा प्रगतिरत स्थिति में हैं। जपं क्षेत्र में कार्यरत उपयंत्रियों ने बताया कि शीघ्र ही प्रगतिरत कार्य भी पूर्ण कर लिए जाएंगे। तथा जल संरक्षण के स्रोतों की प्रक्रिया सफल होगी। अभियान का समापन समारोह सोमवार को जपं सभागार में संपन्न हुआ, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया है।

### स्वीकृति का डाटा

जानकारी अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान में सोहागपुर जनपद पंचायत क्षेत्र में खेत तालाब के लिए 120 कार्य स्वीकृत हुए थे। जिनके लिए 183.17 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। एवं 80.11 लाख रुपए की राशि व्यय करते हुए 43.7 प्रतिशत सफलता के साथ खेत तालाब के कार्य जारी है। वहीं कूप रिचार्ज के 134 प्रकरण स्वीकृत किए गए थे। जिनके लिए 33.12 लाख रुपए की राशि प्रस्तावित की गई थी। एवं अब तक 22.51 लाख रुपए की राशि व्यय करते हुए 67.98 प्रतिशत कार्यों को सफलता के साथ पूर्ण किया गया है। इस तरह कुल एक करोड़ दो लाख 62 हजार रुपए की राशि व्यय करते हुए 82 खेत तालाब एवं कूप रिचार्ज कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं।

### ये हुए सम्मानित

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सोहागपुर जपं क्षेत्र में उत्कृष्ट करने पर कुछ लोगों को सम्मानित किया गया है। इनमें नयागांव सरपंच खुशबू रघुवंशी, बम्होरी खुर्द सरपंच शकील खान, भटगांव सरपंच सुधीर सिंह ठाकुर सम्मिलित हैं। वहीं कुछ ग्राम पंचायत सचिवों सहित जपं सोहागपुर के सभी उपयंत्रियों, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं सहायक लेखा अधिकारी मनरेगा को भी सम्मानित किया गया है। सम्मान स्वरूप सभी को प्रमाण पत्र वितरित किये गए हैं।

## कोर एरिया बंद, तो बफर जोन में गुलजार होगा पर्यटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में मानसून सत्र में पर्यटन गतिविधियां मंगलवार से बंद हो गई हैं। यह प्रतिबंध 30 सितंबर 2025 तक जारी रहेगा। तथा अब रिजर्व के बफर जोन में पर्यटन गतिविधियां बढ़ेंगीं।

गत दिवस ही सोहागपुर-मढ़ई रोड के काफी समीप पर्यटकों ने भालू देखा है। सोहागपुर निवासी एके शाक्य ने बताया कि वे परिवार सहित मढ़ई की ओर जा रहे थे। तभी शाम लगभग चार बजे उन्होंने कूकरा ग्राम से थोड़े आगे सड़क के काफी समीप भारी भरकम भालू देखा है। इस दौरान अन्य पर्यटकों व आमजनों ने भी भालू देखने की बात कही है।

### मुख्यमार्ग के दोनों तरफ नहीं भरे गए शोल्डर



**पिपरिया।** लोकनिर्माण विभाग के द्वारा लगातार 6 माह से सड़कों कीदेख रेख नहींकी जा रही सड़क के दोनों तरफसोल्डर गड्ढे में तब्दील हो गए हैं। बरसात के मौसम में लोगों को आने जाने में परेशानीहोरही है। लोग वाहन नीचे नहीं उतारपा रहे हैं। और ना पैदलचल पा रहे हैं। सड़क के दोनों तरफ बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण जनता परेशानहै लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ की लापरवाही सरासर दिखाई दे रही है पूर्व में पदस्थ रहे एसडीओ एवं उप यात्रियों के द्वारा बरसात के पूर्व सभी शोल्डर भरदिए जाते थे लेकिन अब कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। सिर्फ बिल लगाए जा रहे है। लोकनिर्माण विभाग मैं उप यंत्री ना होने की बात भी एसडीओ के द्वाराकही जा रही हैं। एसडीओ का कहना है कि उनके पास सुहागपुर बनखेड़ी पिपरिया का कार्य है। इसलिए उनके पास उपमंत्री ना होने से परेशानी है।

## सोहागपुर क्षेत्र में धान रोपाई के लिए अन्य जिलों से लाए जा रहे सैकड़ों मजदूर

### क्षमता से अधिक संख्या में बिठाए जा रहे मजदूर, हो सकती हैं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

मानसून बारिश के क्षेत्र में जोर पकड़ते ही खेतों में धान रोपाई का काम शुरू हुआ है। धान रोपाई के लिए अन्य जिलों से मजदूर लाए जा रहे हैं, लेकिन मजदूरों को लाने में यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। हरिभूमि संवाददाता ने सोमवार शाम देखा कि सोहागपुर शहर में रेलवे के लाडसपुरा रेलवे गेट के समीप एक लोडिंग वाहन खड़ा था। वाहन में 20 से अधिक सवारियां बैठी हुई थीं। पूछताछ में पता चला कि सभी सवारियों को अन्यत्र जिलों से धान रोपाई के लिए लाया जा रहा है तथा सभी मज़दूर हैं। लेकिन वाहन चालक ने इस बात का ध्यान नहीं रखा कि मजदूरों को जानवरों की तरह वाहन में ठूसा गया था। पूछताछ में वाहन चालक ने बताया कि एक ही बार में अधिक से अधिक मजदूरों को लाने की मजबूरी के चलते यह काम करना पड़ा है। चालक ने कहा कि भविष्य में वह यह गलती नहीं करने का प्रयास करेगा। चालक का गलती नहीं करने के प्रयासों की बात से स्पष्ट है कि यह गलती बार-बार की जाएगी। और इससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहेगा।



उल्लेखनीय कि समूचे मध्य प्रदेश में मालवाहक गाड़ियों में सवारियों को बड़ी संख्या में ढोने के चलते सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। नर्मदापुरम जिले में ही पिछले कुछ वर्षों में इस प्रकार के श्रेणी के वाहनों से सवारी ढोने के कारण दुर्घटनाएं हुई हैं, जिसमें जन-धन की क्षति भी हुई है। लेकिन इसके बाद भी प्रशासन तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए दायित्ववान विभाग तथा उनके अधिकारी कर्मचारी पूरे जिले में खामोश बैठे हैं। कहीं भी जांच करते हुए कोई भी अधिकारी या कर्मचारी नज़र नहीं आता है।

## महाविद्यालय जन भागीदारी समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी कालेज प्राचार्य कक्ष में 30 जून को महाविद्यालय जन भागीदारी समिति की बैठक क्षेत्रीय विधायक ठाकुर विजय पाल सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे ने पुष्प गुच्छ भेंट कर विधायक व जनभागीदारी अध्यक्ष का महाविद्यालय परिसर में स्वागत किया। स्वागत उपरांत नवीन सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सत्र में होने वाली विभिन्न गतिविधियों व महाविद्यालय विकास हेतु अनेक निर्णय लिए गए। जन भागीदारी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे ,नोडल अधिकारी डॉ अमिताभ शुक्ला सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत कालेज से स्थानांतरित हुए प्रो आर के चौकीकर प्रो आरएस पटेल व शासकीय सेवा पूर्ण कर चुके लैब टेक्नीशियन सुरेश यादव का विधायक व जन भागीदारी समिति सदस्यों ने शाल श्रीफल इनको सम्मानित किया व उनके आने वाले भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी ।

## जिले में खाद की किल्लत से परेशान हो रहे किसान, डबल लॉक पर लग रही सुबह से भीड़

### किसान नेता पलिया ने की व्यवस्था बनाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया वर्तमान समय में किसानों को डीएपी एवं यूरिया की विशेष आवश्यकता पड़ रही है लेकिन किसानोंके द्वारा डबल लॉक सुबह 5:00 से शाम 7:00 तक राह देखी जाती है लेकिन शासनके द्वारा 3000 टन खाद भेजा गया था। उसके बाद अभी तक खाद नहीं भेजा गया है। जिसे लेकर किसान काफी परेशानहै किसान मजदूर संघ एवं तमाम किसान किसान नेता पंडित सतपाल पलिया के पास पहुंचे उनसे डीएपी यूरिया उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने किसानों के साथ डबल लाक पहुंचकर प्रबंधक भारत सिंह निमोदाविभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारियों से डबल लाक में पहुंचकर चर्चाकी अधिबताया उन्हें



बताया कि अभी कोई सा खाद उपलब्ध नहींहै। पलियाने कहा कि जो किसान प्रतिदिन डबल लाक आ रहे हैं उनकी सूची तैयार कीजावे तथा जब भी आप टोकन का वितरण करें इन किसानोंको भी प्राथमिकता के साथ टोकन वितरण किया जावे। इस बात को अधिकारियों के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि आने वाले किसानों की सूची तैयार की जावेगी तथा खाद आने के बाद फिर सूची तैयार होगी वह सूची में उनके नाम शामिल करते हुए टोकिन कावितरण किया किया जावेगा। टोकन वाले किसाने कोई खाद दिया जावेगा। इस तरहसे पलिया के द्वारा किसानों की समस्याओं का हल कराया गया और उनकेनाम की सूची तैयार कराई गई। याद रहे की यही एक किसाननेता है जो लगातार किसने की समस्याओं के लिए हमेशा तैयार खड़े हुए है।

## नर्मदापुरम जिला हॉकी संघ के नपाध्यक्ष पदेन अध्यक्ष होंगे

### कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष बने कन्हैया गुरयानी इसे बताया असंवैधानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नर्मदापुरम में हॉकी के भविष्य को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। अब नगर पालिका अध्यक्ष इटारसी नर्मदापुरम जिला हॉकी संघ के पदेन अध्यक्ष होंगे। इस कदम से संघ को एक स्थायी और आधिकारिक नेतृत्व मिलेगा, जिससे जिले में हॉकी गतिविधियों का संचालन और खेल का विकास सुनिश्चित हो सकेगा। इस निर्णय के साथ, हॉकी संघ को प्रशासनिक समर्थन और स्पष्ट दिशा मिलती रहेगी। यदि प्रस्तावित नर्मदापुरम जिला हॉकी संघ की टीम के मूल स्वरूप में कोई बदलाव होता है, तो भी यह वैकल्पिक ढांचा हॉकी गतिविधियों को जारी रखने के लिए सशक्त होगा। नगर



पालिका अध्यक्ष के पदेन अध्यक्ष का पदभार संभालने पर, प्रस्तावित टीम के अन्य सदस्यों का समायोजन इस प्रकार होगा। पदेन अध्यक्षः पंकज चौरे अध्यक्ष, नगर पालिका इटारसी, कार्यकारी अध्यक्षः हरप्रीत छाबड़ा पदेन अध्यक्ष के साथ मिलकर दैनिक कार्यों का संचालन करेंगे उपाध्यक्षः जितेंद्र ओझा, राकेश जाधव, जय किशोर चौधरी, राहुल चौरे, सचिवः सर्बप्रीत भाटिया, चिम्पू, सहसचिवः शैलेंद्र दुबे, कोषाध्यक्ष रब्बू जोशी, प्रवक्ता मनीष ठाकुर, को नियुक्त किया गया है।

### पूर्व बॉडी ने बताया नियुक्तियां असंवैधानिक

नवागत नियुक्तियों को लेकर पूर्व बॉडी के सचिव और दो दिन पूर्व भंग हुई जिला हॉकी संघ कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष बने कन्हैया गुरयानी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर इसे असंवैधानिक बताया। गुरयानी ने कहा कि जिला हांकी संघ मान्यता प्राप्त संघ है। इसके अपने नियम कायदे हैं। नगर पालिका इटारसी के अध्यक्ष जिला हॉकी संघ में पदेन अध्यक्ष होंगे ऐसा कोई नियम नहीं है, और ना ही नगर पालिका में कोई ऐसा नियम है कि जिला हॉकी संघ में नगर पालिका अध्यक्ष पदेन सदस्य होंगे।

गुरयानी ने इसे एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत हांकी को कुचलने का प्रयास बताया, जिसे पूर्ण नहीं होने दिया जाएगा। गुरयानी के पक्ष में पूर्व जिला हॉकी संघ अध्यक्ष राजेंद्र तोमर ने भी नई नियुक्तियों का विरोध किया है। हालांकि आगे इस मामले में जो भी हो लेकिन फिलहाल हॉकी संघ दो हिस्सों में बट गया है।

## दीक्षारंभ कार्यक्रम से हुआ नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी मालवा में दिनांक 1 जुलाई 2025 को दीक्षारंभ कार्यक्रम के साथ शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ उत्साहपूर्वक एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की समस्त छात्राओं का महाविद्यालय परिवार द्वारा स्नेहपूर्ण स्वागत किया गया। विशेष रूप से प्रथम वर्ष की नवप्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालयीन वातावरण, शैक्षणिक कार्यप्रणाली, अनुशासन एवं विविध गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में प्राचार्य ने छात्राओं को नव सत्र की शुभकामनाएं दीं।

## पचमढ़ी में तीन दिवसीय दीक्षा आरंभ कार्यक्रम का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में सत्र 2025-26 हेतु तीन दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस शेखर द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए स्वागत उद्बोधन देते हुए महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों से संक्षिप्त में परिचित कराया गया । क्रीड़ाधिकारी डॉ सत्य प्रकाश पटेल ने खेल गतिविधियों, एन इ पी, प्रवेश एवं परीक्षा से सम्बंधित जानकारिया दी। लाइब्रेरियन सुश्री दीपाली जैन ने ई लाइब्रेरी, डिजिटल जागरूकता, करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं व्यवसायिक विषयों से अवगत कराया। डॉ प्रफुल्ल टेम्भेरकर द्वारा रासेयो से सम्बंधित वार्षिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

### लोक निर्माण विभाग ने किया पौधरोपण

# पौधे रोपकर लिया संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पौधा रोपण महाअभियान और मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 1 जुलाई को वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग पिपरिया द्वारा भी विशेष योगदान देते हुए बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए।




एसडीओ आर.पी. शर्मा एवं पदस्थ उपयंत्री कैलाश गुर्दे के मार्गदर्शन में ठेकेदारों के सहयोग से नव-निर्माणाधीन मार्गों के आसपास लगभग 300 से अधिक पौधे रोपे गए। यह पौधारोपण तरोंन कला, डा पका, कंवेसरा से हीरापुर, ठीकरी मार्ग, सांगाई और बरूआ क्षेत्रों में संपन्न हुआ। इसमें अनुराग सिंह कार्यपालन यंत्री, राहुल मंडलोई एसडीओ पचमढ़ी एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं निर्माण एजेंसियों ने एकमत होकर यह संकल्प लिया कि जिस तरह सड़कों का नियमित संधारण किया जाता है, उसी प्रकार लगाए गए पेड़ों की भी देखरेख की जाएगी। यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आत्मसात करते हुए पौधों की देखभाल करने का जिम्मा उठाया।

## कृषि उपज मंडी में मंडी सचिव ने किया छायादार वृक्षों का पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद

स्थानीय कृषि उपज मंडी में मंडी समिति सचिव हेमवती कवरेती एवं अन्य तीन मंडी कर्मचारियों के जन्म दिवस के अवसर पर सभी ने फलदार छायादार पौधों का पौधरोपण किया और और पौधों को बड़े होने तक उनके संरक्षण का संकल्प लिया। गौरतलब है कि आज दिनांक 1 जुलाई को मंडी समिति की सचिव हेमवती कवरेती सहायक सचिव भारत सिंह चौरसिया मंडी कर्मचारी कमलेश ठाकुर एवं पन्नालाल उईके का जन्म दिवस समस्त मंडी कर्मचारियों ने वृक्षारोपण कर मनाया एवं सभी को शुभकामनाएं दी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ भूमि पूजन के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जपं की सभी ग्राम पंचायतों 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक 3 मा जल संरक्षण एवं संवर्धके लिए पूरे प्रदेशमे अभियान चलाया गया जिसमें सबसे अच्छा प्रदर्शन पिपरिया विधानसभा का रहा। इसके समापन कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत बापका मैं कार्यक्रमका समापन किया गया इसीके साथ खेततालाब योजना का भी समापनकिया गया। इसी कार्यक्रम के साथमे ग्रामपंचायत साडे 18 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि सांसद दर्शन चौधरी कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक ठाकुर दास नागवंशी के द्वारा की गई विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह



पटेल पवन वालिया महिला मोर्चा की जिला महामंत्री ममता नागवंशी माधव दासअग्रवाल विधानसभा प्रभारी नवनीत नागपाल ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी सरपंच विनीता उसके ज्योति उईके जनपद सदस्य गीता बाई कमला हीरालाल रघुवंशी आर एल सिंह मधु तिवारी शैलेश भदोरिया विजयसिंह एसडीओ उपमंत्री लोकनिर्माण विभाग भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ग्राम वासियों की उपस्थिति में डापका से अनहोनी तक सड़क निर्माणकार्य 3 किलोमीटर लागत 423.40 लाख तरौनी कला से खेड़ी कला सोनपुर मोहारीकुर्सी खापा सोनपुर तक सड़क निर्माण 11 किलोमीटर लागत 14 25.46 लाख रुपए से बनने वाली सड़कों भूमि भूमि पूजन किया गया। इस दौरान ग्रामवासी के द्वारा डोकरी खेड़ा डैम को भरने की बात पाइपलाइन के माध्यम से कही गई। जीपर सासद के द्वारा आश्वासन दिया गया। सांसद ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा की सोच शासन की योजनाओं लाभ अंतिम आदमी तक पहुंच है।

## खबर संक्षेप

### वंदे मातरम गायन से हुई शुरुआत

**हरदा।** प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में मंगलवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार नागू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

### पिछले 24 घंटे में जिले में 21.5 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटे में 21.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 17.8 मिमी, टिमरनी में 26.2 मिमी, खिरकिया में 12.4 मिमी, सिराली में 23.8 मिमी तथा रहटगांव में 27.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 264.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 215.7 मिमी, टिमरनी में 339.8 मिमी, खिरकिया में 338.4 मिमी, सिराली में 262.8 तथा रहटगांव में 166 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

### सामान्य सभा की बैठक आज

**हरदा।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति और सामान्य सभा की बैठक 2 जुलाई को आयोजित की गई है। जिला पंचायत की सीईओ सविता झानिया ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12:30 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

### मुख्यमंत्री 4 को करेंगे लैपटॉप वितरित

**हरदा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 जुलाई को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे। इस वर्ष प्रदेश के 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि दी जा रही है। कार्यक्रम में प्रदेश के 500 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सहभागिता करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पिछले वर्ष 2023-24 में 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ 27 लाख 50 हजार की राशि अंतरित की गयी थी। प्रदेश में यह योजना वर्ष 2009-10 से संचालित हो रही है। पिछले 15 वर्षों में इस योजना में 4 लाख 32 हजार 16 विद्यार्थियों के बैंक खातों में 1 हजार 80 करोड़ 4 लाख की राशि प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप के लिए अंतरित की जा चुकी है।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी।

### अनुपस्थित रहने पर सहायक संचालक मत्स्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

# अधिकारी वर्षा पूर्व की सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



सभी संबंधित अधिकारी बाढ़ राहत सहित सभी पूर्व तैयारियां शीघ्र पूर्ण करें ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। सभी एसडीएम अपने-अपने अनुभाग के अंतर्गत आने वाले शासकीय विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं जर्जर भवनों का गहन सर्वेक्षण कर संभावित जोखिमों का आंकलन कर आवश्यक सुधार कार्य एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करें तथा अत्यधिक जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्यवाही करें।

यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होने बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर सहायक संचालक मत्स्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी दिये। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा कुमार शानु देवड़िया, एसडीएम खिरकिया अशोक डेहरिया व एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर जैन ने सभी एसडीएम व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को टीम बनाकर अवैध कॉलोनियों का निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने जिला विपणन अधिकारी को निर्देश दिये कि टोकन के माध्यम से खाद एवं उर्वरक का वितरण सुनिश्चित करें। उन्होने सभी एसडीएम को खाद वितरण कार्य की मॉनिटरिंग करने व आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल का सहयोग लेने के निर्देश भी दिये। उन्होने जिला आपूर्ति अधिकारी, सहायक आपूर्ति अधिकारियों व तहसीलदारों को जिले के पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी व जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र को सभी शासकीय स्कूलों में शतप्रतिशत विद्यार्थियों के प्रवेश व पुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होने इस दौरान अशासकीय स्कूलों का निरीक्षण कर एनसीआरटी की पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य पुस्तकें पाये जाने पर कार्यवाही के निर्देश भी दिये।

### उपस्थिति सुनिश्चित करें

बैठक में कलेक्टर जैन ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि सभी फाईलें ई-ऑफिस के माध्यम से ही प्रेषित की जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने सभी अधिकारियों को लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करने व 10 जुलाई से पूर्व सभी कर्मचारियों की गोपनीय चरित्रावली पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित करें साथ ही सार्थक एप की रिपोर्ट के आधार पर ही कर्मचारियों व अधिकारियों का वेतन आहरण करें। उन्होने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से बात कर शिकायत का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर जैन ने ई-केवाईसी के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की तथा जिला पंचायत की मुख्यकार्यपालन अधिकारी झानिया को मिशन मोड में ई-केवाईसी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

### अधिकारियों को निराकरण के निर्देश

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, रजनी वर्मा एवं संजीव नागू के साथ-साथ एसडीम हरदा कुमार शानू देवड़िया, एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले, एसडीएम खिरकिया अशोक डहेरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में ग्राम कपासी निवासी लक्ष्मीबाई ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर शिकायत की कि पिछले 3 माह से राशन नहीं मिल रहा है, जिस पर उन्होने जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में हरदा शहर के वार्ड क्रमांक 25 के निवासियों ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर नाले से अतिक्रमण हटाने की मांग की, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को नाले से अतिक्रमण हटावाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में प्रताप सिटी कॉलोनी के निवासियों ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर बरसात के पानी की निकासी नहीं होने तथा खाली प्लाटों में पानी जमा होने व गंदगी के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम पचौला निवासी सोनु गाडरी ने कलेक्टर को आवेदन देकर अपनी कृषि भूमि का सीमांकन कराने की मांग की, जिस पर उन्होने तहसीलदार हंडिया को सीमांकन कराने के निर्देश दिये।

## आयुष्मान भारत योजना : वृद्धजनों के घर घर जाकर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड



**खंडवा।** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड अब स्वास्थ्य टीम द्वारा घर-घर जाकर बनाए जा रहे हैं। ग्राम स्तर पर सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ता वरिष्ठ नागरिकों के घर पहुंचकर यह कार्य कर रहे हैं। इस योजना के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की श्रेणी में आने वाले शेष पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

पात्र हितग्राही अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर अथवा सीएचओ, एएनएम, आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। कार्ड बनने के बाद हितग्राही शासकीय मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल एवं शासन द्वारा चिन्हित अस्पतालों में 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज करवा सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी और सहायता के लिए निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 18002332085 और 14555 पर संपर्क किया जा सकता है। पात्र नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएं और योजना का लाभ उठाएं।

### संबंधित अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा




मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर के आर बडोले, अरविंद चौहान, संयुक्त कलेक्टर एस आर सोलंकी, रमेश खतेड़िया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


ग्राम पंचायत धनोरा के ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच नंदकिशोर द्वारा पंचायत कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत राजनी के ग्रामीणों ने सचिव पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि वह ग्रामीणों की समस्याओं पर ध्यान नहीं देता, जिससे लोग परेशान हैं। कलेक्टर ने सचिव के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम अजंटी के ग्रामीणों ने गांव में पेयजल संकट और सड़क न होने की समस्या रखी। इस पर जिला पंचायत को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए। पिपलोद थाने के ग्राम अमलानी के ग्रामीणों ने अवैध शराब बिक्री की शिकायत की। कलेक्टर ने जिला आबकारी अधिकारी को गांव में अवैध बिक्री रोकने के निर्देश दिए। ग्राम जामकोटा निवासी सुनील कर्मा ने बताया कि उसके परिवार के पांच सदस्य तीन माह से राशन से वंचित हैं। इस पर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को पात्रता परीक्षण कर खाद्यान्न वितरण करने के निर्देश दिए।



## कलेक्टर ने लिया कृषि उपज मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कृषि उपज मंडी हरदा का निरीक्षण कर वहां खाद व उर्वरक वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान उपस्थित किसानों से चर्चा कर वहां आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाद व उर्वरक का वितरण टोकन के माध्यम से किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। निरीक्षण के दौरान जिला विपणन अधिकारी योगेश मालवीय व उप संचालक जेएल कास्दे सहित मंडी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**खंडवा।** विश्व डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर मंगलवार को श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में सिविल सर्जन अनिरुद्ध कौशल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी रश्मि कौशल, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी एन.के. सेठिया, मेडिकल कॉलेज सुपरिंटेंडेंट रंजीत बडोले, सुनील बाजोलिया, नितिन कपूर, कृष्णा वास्केल, संदीप सहित अनेक चिकित्सक शामिल रहे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट राजुल सोनी, सेक्रेटरी सिद्धार्थ श्रीमाली, रक्षा श्रीमाली, अमित सिंह, रोहित चौरे, सुमित महेश्वरी सहित अन्य डॉक्टर्स ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया।

शिविर के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओ.पी. जुगतावत, वरिष्ठ चिकित्सक एसएल गुप्ता, मुनीश मिश्रा, राजेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में 46 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतुल माने ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

## बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों की होगी एनीमिया जांच



**हरदा।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 5 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बालक बालिकाओं की डिजीटल विधियों से एनीमिया की जांच कर यथोचित उपचार व रिपोर्टिंग की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि बच्चों की एनीमिया जांच के लिए एनीमिया जांच दल गठित किया गया है। शालेय एनीमिया जांच अभियान के लिये आरबीएसके के नोडल अधिकारी डॉ. जे.एस. कुशवाहा को प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण विकासखण्ड खिरकिया के लिए ए.एम.ओ. डॉ. आशुतोष करोड़े, विकासखण्ड टिमरनी के लिए ए.एम.ओ. डॉ. योगेश अग्रवाल, विकासखण्ड हरदा के लिए ए.एम.ओ. डॉ. फजल खान व डॉ. विजय मीणा तथा नगरीय क्षेत्र हरदा के लिए ए.एम.ओ. डॉ. मंजू वर्मा तथा डॉ. पीएन छलौत्रे को दायित्व सौंपा गया है। साथ ही क्षेत्रीय एएनएम, सीएचओ एवं एक सपोर्ट स्टाफ की भी ड्यूटी लगाई गई है।

## जीवन में सुख-दुख का आना-जाना बना रहता है: पंडित सुनील पाराशर

**सीहोर।** जीवन में सुख-दुख का आना-जाना बना रहता है। हमें सुख मिलेंगे या या दुख, ये हमारे कर्मों पर ही निर्भर करता है। जाने-अनजाने में किए गए गलत कामों का फल देर ही सही लेकिन दुखों के रूप में जरूर मिलता है। इसलिए ऐसे कामों से बचना चाहिए जो धर्म के अनुसार सही नहीं हैं। इन दिनों गुप्त नवरात्रि के साथ हमारे केन्द्र में 15 दिवसीय शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। जिससे हम अपने आप में ध्यान और भगवान शिव-माता के नाम का स्मरण करते हुए कार्य करना है। जिससे हमारे जीवन में सात्विकता आऐगी। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम परिवार के तत्वाधान में जारी 15 दिवसीय शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान के पांचवे दिवस पंडित सुनील पाराशर ने कहे। इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने कहाकि हमें ऐसे लोगों की संगत से बचना चाहिए जो हमें गलत काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे लोग कभी दुखी नहीं होते हैं जो सज्जनों की संगत में रहते हैं। जो लोग संत-महात्मा के साथ रहते हैं, उनके प्रवचन सुनते हैं और उनकी सीख को जीवन में उतारते हैं, वे कभी निराश नहीं होते हैं। जो व्यक्ति लालची, अहंकारी और क्रोधी नहीं है, उनके साथ रहेंगे तो विचारों में सकारात्मकता बनी रहेगी। जिन्हें अपनाने से हमारी सभी समस्याएं दूर हो सकती हैं। जीवन पर हमारी संगत का सीधा असर होता है, इसलिए अपनी के संबंध में बहुत सतर्क रहना चाहिए। जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि गुप्त नवरात्रि का सोमवार को पांचवा दिवस है। मां दुर्गा का पंचम रूप स्कंदमाता के रूप में जाना जाता है। भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण दुर्गा जी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंद माता नाम प्राप्त हुआ है।

### कुबेरेश्वर धाम पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थाओं में हो शत-प्रतिशत एडमिशन, कोई भी बच्चा न करे ड्रॉपआउट: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के समय-सीमा प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक मामलों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के ग्राम चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वर धाम पर 10 जुलाई से आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं कथा की तैयारियों के संबंध सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले ही सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, भोजनशाला, पंडाल, आगमन, निर्गमन, बिजली व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्षाकाल के दौरान सभी अधिकारी सतर्क रहें और अपने अनुभाग एवं जनपदों में सतत संपर्क बनाए रखें। कहीं भी अतिवर्षा य जलभराव की सूचना मिलने पर तत्काल राहत एवं बचाव की कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि जिले में जहां बड़ी गौशालाएं बनाई जाना हैं, उनके लिए संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार गौशालाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराएं तथा जहां-जहां गौशालाओं की भूमि पर अतिक्रमण किया गया है वहां से अतिक्रमण को हटाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने नेशनल हाईवे तथा रेल परियोजनाओं के लिए भू अर्जन, मुआवजा वितरण, अर्जित भूमि का नामांतरण एवं कब्जा दिलाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम जमील खान, नितिन टाले, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा, सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने धरती आबा अभियान की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी विभाग जिले के चिन्हित 80 ग्रामों शिविर लगाकर जनजातीय वर्ग के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा धरती आबा अभियान का जिले में गंभीरता से संचालन किया जाए। यह अभियान अभियान सरकार की प्राथमिकता वाला अभियान है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 जुलाई तक चिन्हित ग्रामों में शिविर लगाए जाएं।